सन्मार्ग

एग्जिबिशन इंडस्ट्री की पहली ग्लोबल समिट अगले माह एक्सपो 2020 दुबई में

दुबई/मुंबई : भारत के एग्जिबिशन और कॉन्फ्रेंस आयोजकों की शीर्ष संस्था काउंसिल ऑफ इंडियन एग्जिबिशन ऑर्गेनाइजर्स' एग्जिबिशन इंडस्ट्री की पहली ग्लोबल समिट 2022 का आयोजन 25 और 26 जनवरी को दुबई में आयोजित करेगी।

एक्सपो-2020 दुबई में इंडिया पवेलियन में होने वाली समिट का उद्देश्य भारतीय एग्जिबिशन इंडस्ट्री को वैश्विक नक्शे पर लाना है। इसमें प्रमुख ताकत और क्षमता, गुणवत्ता और सेवाओं की विविधता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पेश करना और व्यापार के अवसर तलाशना है।

ग्लोबल समिट 2022 की मेजबानी फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा 24 से 29 जनवरी तक निर्धारित एमएसएमई सप्ताह के साथ की जाएगी। कई क्षेत्रीय एग्जिबिशन कंपनियां एमएसएमई सेक्टर की हैं और एमएसएमई सप्ताह के दौरान समिट करने से मंत्रालय के साथ जुड़ने, मध्य पूर्व और आस-पास के देशों में अपने बिजनेस का विस्तार करने के अवसर मिलेंगे। समिट के दौरान अल्ट्रा मॉडर्न लग्जरी रिसॉर्ट एटलांटिस द पाम में 'आजादी का अमृत महोत्सव' भी मनाया जाएगा। साथ ही 193 देशों के पवेलियन में से चुनिंदा का दौरा करने का अवसर भी मिलेगा।

सीआईईओ की संचालक समिति सदस्य इंडिया आईटीएमई सोसायटी की एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर सीमा श्रीवास्तव कहती हैं, 'भारत के एग्जिबिशन इंडस्ट्री के आयोजकों और सर्विस प्रोवाइडर्स के लिए अपनी ताकत और क्षमता पूरी दुनिया को दिखाने का यह न चूकने वाला अवसर है।'